सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-376
28/08/2017

आई0ए0एस0 वाइफ एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया ढ़ाई लाख रूपये का अंशदान

पटना, 28 अगस्त 2017 :– आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में आई0ए0एस0 वाइफ एसोसिएशन ने बिहार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य हेतु ढ़ाई लाख रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा। ज्ञातव्य है कि आई0ए0एस0 वाइफ एसोसिएशन द्वारा हमेशा मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने आई0ए0एस0 वाइफ एसोसिएशन को अंशदान करने के लिये धन्यवाद दिया तथा उनकी इस सामाजिक पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय हम सबको अपनी संवेदनशीलता को प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़–चढ़कर हाथ बंटाना चाहिये।

इस अवसर पर आई0ए0एस0 वाइफ एसोसिएशन की ओर से अध्यक्षा प्रो0 पूर्णिमा शेखर सिंह, सचिव डॉ0 रत्ना अमृत, संयुक्त सचिव श्रीमती रत्ना सिंह, कार्यकारिणी समिति सदस्य श्रीमती जासमिन चौधरी, श्रीमती सीमा प्रसाद, श्रीमती वंदना किशोर, श्रीमती अपराजिता सिंह तथा श्रीमती आभा सिंह उपस्थित थीं।

******